हल्ला-गुल्ला

प्रभात

हल्ला-गुल्ला
हल्ला-गुल्ला।

किसकी ये दुम,
और किसका पुछल्ला?

चूहे की ये दुम,
और मोर का पुछल्ला।
हल्ला-गुल्ला
हल्ला-गुल्ला।

किसकी ये पूँछ,
और किसकी ये मूँछ?

पिल्ले की है पूँछ,
बागड़बिल्ले की है मूँछ।
हल्ला-गुल्ला,
हल्ला-गुल्ला।

किसके हैं पंख,
और किसका है डंक?
गौरैया के पंख,
और बिच्छू का है डंक।
हल्ला-गुल्ला,
हल्ला-गुल्ला।



इन दोनों चित्रों में कितने अन्तर हैं?



चित्रः कनक शशि